# भारतमाला परियोजना

## चर्चा में क्यों?

एक बैठक में हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने भारतमाला परियोजना **समेत राष्ट्रीय राजमार्ग** से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

- **मुख्य बिंदु:**
- चर्चा में **NH-152 D पर महेंद्रगढ़ ज़िले में बाघोत के पास प्रवेश और निकास बिंदु खोल**ने की मांग शामिल थी।
- उपमुख्यमंत्री ने इन बातों पर दिया ज़ोर:
    - **उचाना, हिसार और जींद में भारतमाला परियोजना के तहत बाईपास सड़कों का निर्माण।**
    - **पंचकुला-यमुनानगर राजमार्ग पर सेक्टर 26 और 27 में विभाजित सड़कों पर अंडरपास का निर्माण।**
    - **गुरुग्राम-फारुख नगर-झज्जर-चरखी दादरी-लोहारू रोड को अपग्रेड** करने के लिये एक सर्वेक्षण।
    - **नेल्सन मंडेला मार्ग दिल्ली MG रोड गुरुग्राम को फरीदाबाद रोड से जोड़ने के लिये।**

## राष्ट्रीय राजमार्ग

- राष्ट्रीय राजमार्ग (NH) यात्रियों और माल की अंतर-राज्यीय आवाजाही के लिये देश की मुख्य सड़कें हैं।
- वे प्रमुख बंदरगाहों, रेल जंक्शनों, **राज्य एवं राष्ट्रीय की राजधानियों**, सीमा पार और अंतरराष्ट्रीय सड़कों से जुड़ते हुए पूरे देश जुड़ते हैं।
- **एक्सप्रेस-वे सहित NH सभी सड़कों की लंबाई का केवल 1.7% है**, वे लगभग 40% सड़क यातायात का वहन करते हैं।

## भारतमाला परियोजना

- इसकी **शुरुआत वर्ष 2015 में केंद्र सरकार ने की थी**। यह **सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (Ministry of Road Transport and Highways) के तहत शुरू किया गया एक व्यापक कार्यक्रम है**।
- योजना के तहत सरकार का इरादा **लगभग 7 लाख करोड़ रुपए के निवेश से 83,677 किलोमीटर राजमार्ग और सड़कें बनाने है।**
- पहले चरण में 5.35 लाख करोड़ रुपए की लागत से 34,800 किलोमीटर राजमार्ग बनाने की योजना है।
- यह सीमा एवं अंतरराष्ट्रीय कनेक्टिविटी सड़कों, तटीय और बंदरगाह कनेक्टिविटी सड़कों के विकास, राष्ट्रीय गलियारों, आर्थिक गलियारों तथा अन्य की दक्षता में सुधार जैसी **नई पहलों पर केंद्रित है।**




PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bharatmala-project-1